
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

2024

19 अक्टूबर 2024

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

अगर हम वास्तव में प्रेम करना चाहते हैं तो पहले हमें सीखना होगा कि क्षमा कैसे करना है।

**मदर टेरेसा**



राकेश कुमार

# Teachers of Bihar

*The change makers*

# दिवस ज्ञान

## शशिधर उज्जवल

# 19 अक्टूबर

- **मातंगिनी हजारा का जन्म–** भारत की स्वतंत्रता के लिए प्राणों की आहुति देने वाली वीरांगना मातंगिनी हजारा का जन्म पश्चिम बंगाल के मिदनापुर में 19 अक्टूबर, 1870 ई. को हुआ था। उनके पिता में बहुत छोटी उम्र में ही उनका विवाह साठ वर्ष के एक धनी वृद्ध के साथ कर दिया था। जब मातंगिनी अठारह वर्ष की थी तो वह विधवा हो गईं। विधवा मातंगिनी हजारा ने भारत छोड़ो आंदोलन के समय झंडा लेकर जुलुस का प्रतिनिधित्व किया था। इस जुलूस पर अंग्रेजों ने गोलियां चला दी जिसमें वे शहीद हो गयी।
- **सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर का जन्म–** भारत के भौतिक विज्ञानी डॉ. एस. चन्द्रशेखर का जन्म लाहौर, (वर्तमान पाकिस्तान) में 19 अक्टूबर, 1901 ई. को हुआ था। वर्ष 1983 में भौतिक शास्त्र के लिए उन्हें नोबेल पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया था। वे नोबेल पुरस्कार विजेता सी. वी. रमन के भतीजे थे। उन्होंने खगोलशास्त्र तथा सौरमंडल से संबंधित कई विषयों पर अनेक पुस्तके लिखीं। उन्होंने ही 'श्वेत बौने'यानी 'व्हाइट ड्वार्फ' का सिद्धान्त प्रतिपादित किया था। उन्होंने इन नक्षत्रों के लिए जो सीमा निर्धारित की थी वह 'चन्द्रशेखर सीमा' के नाम से जाना जाता है। उनके सिद्धान्तों से ब्रह्माण्ड के उत्पत्ति के संबंध में कई रहस्यों का पता चला है।

**रेल में यात्रा करते समय ध्यान दें...**

1. रेल विभाग द्वारा स्टेशन पर या रेलगाड़ी में दी जाने वाली सूचनाओं का पालन करें।
2. रेल फाटक पार करते समय रेलवे लाइन के दोनों ओर देखें।
3. उचित रेल टिकट लेकर ही यात्रा करें।
4. ट्रेन में यात्रा करते समय बच्चों का विशेष ध्यान रखें।
5. अपने निर्धारित स्थान पर ही बैठें।
6. ट्रेन के रूकने पर ही चढ़े अथवा उतरें।
7. यात्रा टिकट सदैव रेलवे काउंटर या अधिकृत रेल ट्रेवल एजेंट से ही खरीदें।
8. गाड़ी में बैठने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि कोई लावारिस सामान/पदार्थ गाड़ी में सीट के नीचे या रैक पर रखा तो नहीं रह गया है।
9. ऐसे संदिग्ध व्यक्ति पर पैनी निगाह रखें जो अपना सामान छोड़ कर चले जाते हैं।
10. किसी भी लावारिस या संदिग्ध वस्तु के बारे में रेलवे पुलिस, टी.टी.ई, गार्ड, ड्राईवर अथवा रेल कर्मचारी को तुरंत सूचना दें।
11. किसी प्रकार की दुर्घटना होने पर तुरंत निकटतम रेलवे स्टेशन या जिला प्रशासन को सूचना दें।
12. ट्रेन के दरवाजों से ना लटकें।
13. ट्रेन में किसी प्रकार का ज्वलनशील या विस्फोटक पदार्थ ले कर यात्रा न करें।
14. अनजान अथवा संदिग्ध वस्तुओं को न छूएं।

S a t u r d a y

# Teachers of Bihar

The change makers

# दिवस विशेष

19 अक्टूबर

मधु प्रिया


## सुब्रमण्यम चंद्रशेखर का जन्म 19 अक्टूबर



सुब्रमण्यम चंद्रशेखर का जन्म 19 अक्टूबर 1910 को हुआ था। एक भारतीय-अमेरिकी सैद्धांतिक भौतिक विज्ञानी थे जिन्होंने अपना पेशेवर जीवन संयुक्त राज्य अमेरिका में बिताया। उन्होंने "...तारों की संरचना और विकास के लिए महत्वपूर्ण भौतिक प्रक्रियाओं के सैद्धांतिक अध्ययन" के लिए विलियम ए. फाउलर के साथ भौतिकी के लिए 1983 का नोबेल पुरस्कार साझा किया। तारकीय विकास के उनके गणितीय उपचार से बड़े सितारों और ब्लैक होल के बाद के विकास चरणों के कई मौजूदा सैद्धांतिक मॉडल प्राप्त हुए। चंद्रशेखर सीमा और चंद्र एक्स-रे वेधशाला सहित कई अवधारणाओं, संस्थानों और आविष्कारों का नाम उनके नाम पर रखा गया है। भारतीय मूल के वैज्ञानिक सुब्रमण्यम चंद्रशेखर, जिन्होंने 50 साल शिकागो यूनिवर्सिटी में बिताए थे सबसे ज्यादा अपने उस सिद्धांत के लिए मशहूर थे जिसके जरिए उन्होंने ब्रह्माण्ड के अधिकांश विशालकाय तारों की मौत की व्याख्या की थी जो बाद में उनके द्वारा रचित सूत्र चंद्रशेखर लिमिट के नाम से पहचानी गई। उनकी खोज ने वैज्ञानिक जगह तारों के अंत की पुरानी धारणाओं को तोड़ने का काम किया। 21 अगस्त 1995 (आयु 84) वर्ष में इनकी मृत्यु हो गई।

# जयंती विशेष 19 अक्टूबर

राकेश कुमार




**सुब्रह्मण्यम चंद्रशेखर** (जन्म- 19 अक्तूबर, 1910 - मृत्यु- 21 अगस्त, 1995) खगोल भौतिक शास्त्री थे और सन् 1983 में भौतिक शास्त्र के लिए नोबेल पुरस्कार विजेता भी थे। उनकी शिक्षा चेन्नई के प्रेसीडेंसी कॉलेज में हुई। वह नोबेल पुरस्कार विजेता सर सी. वी. रमन के भतीजे थे।

Teachers of Bihar राकेश कुमार

The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 19.10.2024

## संज्ञानात्मक संरचना

**संज्ञानात्मक संरचना अवधारणाओं या श्रेणियों की एक सार्थक व्यवस्था है जो उनके बीच संबंधों को प्रदर्शित करती है। इसमें विभिन्न तथ्यात्मक मामलों, वैचारिक संबंधों और संस्थाओं, क्रियाओं या घटनाओं के व्यवहारिक या भावनात्मक पहलुओं का ज्ञान शामिल होता है।**

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



दुनिया का सबसे ठंडा गांव रूस में है, जिसका नाम ओम्याकॉन है। यह गांव रूस के साखा गणराज्य में स्थित है। सर्दियों में यहां का तापमान लगभग -50 डिग्री सेल्सियस तक रहता है और कभी-कभी तो तापमान -88 डिग्री सेल्सियस तक भी पहुंच जाता है।

# TOB
# खेल कॉर्नर

राकेश कुमार

CRICKET



## अपने डेब्यू T20Is मैच में पहला ही ओवर मेडन फेंकने वाले भारतीय गेंदबाज 🇮🇳

| BOWLERS | OPP | VENUE | YEAR |
|---|---|---|---|
| अजीत अगरकर | साउथ अफ्रीका | जोहांसबर्ग | 2006 |
| खलील अहमद | वेस्टइंडीज | कोलकाता | 2018 |
| नवदीप सैनी | वेस्टइंडीज | लॉडरहिल | 2019 |
| अर्शदीप सिंह | इंग्लैंड | साउथहैंपटन | 2022 |
| मयंक यादव | बांग्लादेश | ग्वालियर | 2024 |


# मुख्यमंत्री विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम

## (सुरक्षित शनिवार)

RAKESH KUMAR
MIDDLE SCHOOL BALUA MANER (PATNA)

CHILD HELPLINE
1098


## माह: अक्टूबर

| | |
|---|---|
| **प्रथम शनिवार**<br>दिनांक **05.10.2024** | दशहरा / छठ / मुहर्रम आदि पर्वों में भीड़ एवं भगदड़ संबधी जोखिम एवं बचाव ( प्राथमिक उपचार सी.पी.आर. सहित )  |
| **द्वितीय शनिवार**<br>दिनांक **12.10.2024** | नाव दुर्घटना एवं पानी में डूबने से बचाव के संदर्भ में जानकारी  |
| **तृतीय शनिवार**<br>दिनांक **19.10.2024** | दिवाली के पटाखों एवं प्रदूषण से उत्पन्न स्वास्थ्य संबधी जोखिम एवं बचाव के संदर्भ में जानकारी  |
| **चतुर्थ शनिवार**<br>दिनांक **26.10.2024** | सड़क दुर्घटना से बचाव के सन्दर्भ में जानकारी।  |

**बिहार राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण**

# जयंती पर सादर नमन

## सुब्रमण्यम चंद्रशेखर



**जन्म - 19 अक्टूबर 1910**
**मृत्यु - 21 अगस्त 1995**

www.teachersofbihar.org

Madhu priya